>

Title: Regarding ambush of five Indian soldiers by Pakistani Army.

श्रीमती सुषमा स्वराज (विदिशा): अध्यक्ष जी, यह बहुत गंभीर विषय है।...(व्यवधान) मैं आभार व्यक्त करती हूं रक्षा मंत्री के प्रति कि जो गलती उन्होंने कल की थी उस को आज उन्होंने सुधारने का काम किया है।...(व्यवधान) मैं उन लोगों को संबोधित कर के कहना चाहती हूं जिन्हें यह लग रहा था कि हम राजनीति कर रहे हैं। हम राजनीति नहीं कर रहे थे। जो गलती रक्षा मंत्री के माध्यम से हुई थी और वे पूरे संसद और देश को उस से संबद्ध करना चाहते थे, हम उस को सुधारने की कोशिश में लगे थे। मुझे खुशी है कि रक्षा मंत्री ने उस गलती को स्वीकार करते हुए सुधारा है और आज यह कहा है कि पाकिस्तान हमारे रिलेशंस को टेकेन फोर ग्रांटेड न ले। आज उन्होंने कहा है कि यह जो घटना हुई है उस में पाकिस्तान की सेना सीधे-सीधे जिम्मेदार है लेकिन मैं रक्षा मंत्री से कहना चाहती हूं कि जिस तरह की गलती का सुधार आप ने किया है, वैसी गलती दुबारा न होने पाए। इसको भी सुनिश्चित करिए।...(व्यवधान) विपक्ष यहां बैठ कर राजनीति नहीं कर रहा, बल्कि विपक्ष पूरे देश की प्रतिबद्धता को आप के माध्यम से और इस संसद के माध्यम से पाकिस्तान को सुनाना चाह रहा था जिसमें आज हम सफल हुए हैं।...(व्यवधान) आज पूरी संसद एक स्वर से आपके इस बयान का समर्थन करती है और पाकिस्तान को यह संदेश देती है कि आप हमारे साथ ऐसा खिलवाड़ नहीं कर सकते।

MADAM SPEAKER: Now, we shall take up 'Zero Hour'.